दिनांक 18.05.2026 को माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में संपन्न वेजफेड की समीक्षा बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति :-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.प्र.से.), सचिव सहकारिता विभाग-सह-अध्यक्ष, वेजफेड |
2. श्री अभय कुमार सिंह (भा.प्र.से.) अपर सचिव, सहकारिता विभाग |
3. डॉ० गगन, प्रबंध निदेशक. वेजफेड |
4. श्री राकेश शर्मा, राज्य प्रबंधक, (पणन) |
5. श्री सफ़दर रहमान, राज्य प्रबंधक, (HR & Adm.) |
6. श्रीमती दिव्या झा, राज्य प्रबंधक, (IE & T) |
7. श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव, राज्य प्रबंधक, (मार्केटिंग) |
8. श्री मनीष कुमार यादव, राज्य प्रबंधक, (IT & MIS) |
9. श्री संजीव सुमन, पी० एम० यू० टीम लीडर |

प्रबंध निदेशक, वेजफेड के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत कर बैठक की कार्रवाई आरंभ की गयी। उनके द्वारा माननीय मंत्री को अवगत कराया गया कि बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना का कार्यान्वयन त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के माध्यम से किया जा रहा है | जहाँ प्रखंड स्तर पर सब्जी उत्पादक किसान मिलकर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लि०(PVCS), क्षेत्रीय स्तर पर कुछ जिलों को सम्मिलित करते हुए सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ एवं शीर्ष स्तर पर राज्यस्तरीय बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन का गठन किया गया है |

1.तरकारी आउटलेट निर्माण की समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री महोदय ने निदेश दिया कि पूर्व से स्वीकृत आउटलेट निर्माण कार्य में प्रगति लाया जाय | साथ हीं शहरी क्षेत्रों यथा पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, पूर्णिया आदि में भी सरकारी / गैर सरकारी दुकान भाड़े पर लेकर आउटलेट खोला जाय |

2.माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेश गया कि PVCS से अधिक से अधिक किसानो को जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाय ताकि व्यवसाय में वृद्धि हो सके | इस हेतु अभियान के तौर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा किसानों का प्रशिक्षण दिलाने का निदेश दिया गया ताकि आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विपणन व्यवस्था की जानकारी किसानों को मिल सकें | प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थानीय एवं संघ स्तर पर भी संचालित किया जा सकता है |

3.सब्जी उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं को एक हीं स्थान पर ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण सब्जी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभिक आधार पर राज्य के शहरों में सब्जी मॉल विकसित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

4.समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वेजफेड अंतर्गत चलाये जा रहे "फार्म टू डेस्क" योजना जिसके माध्यम से नया सचिवालय (विकास भवन) में कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों के मांग के आधार पर सब्जियों की आपूर्ति की जा रही है | इसका प्रचार-प्रसार कर विस्तारित किया जाय | इस हेतु "फार्म टू डेस्क" मॉडल को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जोड़ने तथा एक मोबाइल एप्प विकसित करने का निदेश दिया गया | इस तकनीक के माध्यम से किसानों एवं उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित कर पारदर्शी एवं सुदृढ़ आपूर्ति व्यवस्था विकसित की जा सकेगी |

5. माननीय मंत्री महोदय ने केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के माध्यम से राज्य में शीत भण्डारण की क्षमता बढ़ाने एवं कृषि अवसंरचना कोष से किसानो को लाभ दिलाने हेतु आवश्यक प्रयास किये जाने का निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

(डॉ० गगन)
प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।

ज्ञापांक 642 / दिनांक 01.06.2026

प्रतिलिपि:- 1.निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2.सचिव, सहकारिता विभाग बिहार,पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गयाजी/भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर/मुंगेर सब्जी संघ, मुंगेर/सारण सब्जी संघ, सारण एवं शाहाबाद सब्जी संघ, शाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4.राज्य प्रबंधक (IT& MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
5.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6.टीम लीड, PMC वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।

ज्ञापांक 642 / दिनांक 01.06.2026

प्रतिलिपि:- 1. माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग,बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।